06/10/2023

आकाशवाणी ईटानगर

अरूणाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य के तेइस जिलों में फैली चौवन ग्राम पंचायतों और दो जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा कर दी है। चुनाव अधिसूचना नौ अक्टूबर को जारी की जायेगी। नामंकन की अंतिम तिथि इक्कीस अक्टूबर है। मतदान छह नवम्बर को और मतगणना आठ नवम्बर को होगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त रिनचिन ताशी ने ईटानगर में आज एक संवददाता सम्मेलन में बताया कि संबंधित जिला परिषद और ग्राम पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श चुनाव आचार सहिंता लागू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि तिहत्तर मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जायेंगे और इसके लिए पांच सौ से अधिक चुनाव अधिकारियों को तैनात किया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण उपचुनाव के लिए सभी संबंधित पक्षों से राज्य चुनाव तंत्र के साथ पूरा सहयोग करने की अपील की।

000000000000000

देशभर में वन्यजीव और बायोडायवर्सिटी संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष का थीम, "Partnerships for Wildlife Conservation," राष्ट्र की समृद्ध जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए आवश्यक सहयोगी प्रयासों को दर्शाता है। ईटानगर के बायोलॉजिकल पार्क में आयोजित नेशनल वाइल्ड लाइफ वीक कार्यक्रम में वन और पर्यावरण मंत्री मामा नातुंग ने राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में वन्यजीवों और जैव विविधता की रक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

उन्होंने प्रदेश के लोगों से वन और वन्यजीवों की रक्षा में स्थानीय प्रशासन के साथ सक्रिय योगदान की अपील की। इस अवसर पर वन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

0000000000000000000

वेस्ट कामेंग जिले के गवर्नमेंट कॉलेज बोमडिला में यूथ डेवलपमेंट एंड अनएमप्लॉएयमेंट विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। अरुणदीप फाउंडेशन और महाविद्यालय के आईटी एन.आर.सी सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को देश-विदेश में उपलब्ध रोजगार के अवसरों और उसके लिए जरूरी योग्यता एवं कौशल विकास के बारे में जागरुक किया गया। इस अवसर पर उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की स्टार्टअप मिशन और कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ ही अपना रोजगार शुरु करने के लिए दी जा रही वित्तीय और तकनीकी सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई।

0000000000000000

चांगलांग जिले में मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रगतिशील किसनों को कोलकाता स्थित बसंती मशरूम सीड्स और मशरूम स्टोर का भ्रमण कराया गया। नाबार्ड द्वारा प्रायोजित किसानों के एक्सपोजर टूर से उन्हें मशरूम की खेती की नई तकनीकों और कौशल की जानकारी होगी। नाबार्ड की इस मुहिम का उद्देश्य जिले में रोजगार के अवसर पैदा करना और किसानों की आय बढ़ाना है।

00000000000

अरूणाचल प्रदेश में इटानगर में कल राज्य सहकारी विकास समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति ने राज्यभर में अगले पांच वर्ष के लिए चार सौ 91 सहकारी समितियों के गठन की जिलावार योजना को मंजूरी दी।

इसमें एक सौ पचास बहुद्देश्यीय सहकारी समितियां, एक सौ 57 दुग्ध सहकारी समितियां और एक सौ 84 मत्स्य पालन सहकारी समितियां हैं। राज्य के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र ने बैठक की अध्यक्षता की। समिति ने प्रायोगिक आधार पर नामसाई बहुद्देश्यीय सहकारी समितियों द्वारा पांच सौ मिट्रिक टन खाद्यान भण्डारण योजना को भी मंजूरी दी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य में केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों के कार्यान्वयन की दिशा में सहकारिता विभाग द्वारा उठाए गए कदमों की भी समीक्षा की।

0000000000000000000

लेपारादा की जिला परिषद अध्यक्ष न्याबी जिनी दिर्ची ने न्यिगम विलेज में युवाओं द्वारा नवनिर्मित कामरेक सीसी स्टेप्स का उदघाटन किया। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की अपील की।

0000000000000

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। आज मुम्बई समिति की बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने में कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए इसे छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा है। परिणामस्वरूप स्थायी जमा सुविधा दर- एसडीएफ छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर-एमएसएफ तथा बैंक दर छह दशमलव सात- पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी।बयान के अनुसार दो हजार तेईस- चौबीस के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर छह दशमलव पांच प्रतिशत रहने का अनुमान है।

दूसरी तिमाही में इसके छह दशमलव पांच प्रतिशत, तीसरी तिमाही में छह प्रतिशत और चौथी तिमाही में पांच दशमलव सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। दो हजार चौबीस- पच्चीस की पहली तिमाही के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर छह दशमलव छह प्रतिशत रहने का अनुमान है।

000000000000

जी-20 देशों के संसद अध्यक्षों का नौवां सम्मेलन इस महीने की 13 और 14 तारीख को नई दिल्ली में होगा। सम्मेलन की थीम है - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि इस वैश्विक आयोजन में 25 संसदीय  पीठासीन अधिकारी, 10 उपाध्यक्ष और 50 सांसद भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और ऊर्जा से संबंधित विषयों के साथ जलवायु परिवर्तन पर गहन विचार-विमर्श होगा।

0000000000000

जी-20 देशों के संसद अध्यक्षों का नौवां सम्मेलन इस महीने की 13 और 14 तारीख को नई दिल्ली में होगा। सम्मेलन की थीम है - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि इस वैश्विक आयोजन में 25 संसदीय पीठासीन अधिकारी, 10 उपाध्यक्ष और 50 सांसद भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और ऊर्जा से संबंधित विषयों के साथ जलवायु परिवर्तन पर गहन विचार-विमर्श होगा।

0000000000000000

ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को महिलाओं के दमन के खिलाफ संघर्ष करने के लिए इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाली वे 19वीं महिला होंगी। वे अभी जेल में हैं और ईरान के प्रमुख मानवाधिकार कार्यकर्ताओं में से एक हैं। नरगिस मोहम्मदी को 13 बार गिरफ्तार किया जा चुका है और पांच बार दोषी ठहराया गया है। उन्हें 31 साल की जेल तथा 154 कोडों की सजा सुनाई जा चुकी है। नोबेल शांति पुरस्कार 10 दिसम्बर को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में प्रदान किया जायेगा। इसमें लगभग दस लाख अमरीकी डॉलर की राशि भी दी जायेगी।

0000000000000000000